पहले गणेश मनाया करो | By Sunil Sarvottam |

कोई शुभ काम कराया करो
पहले गणेश मनाया करो
मनवांछित फल पाया करो
पहले गणेश मनाया करो

इनके जैसा देव ना दूजा
सबसे पहले होती है पूजा
चरणों में शीश झुकाया करो
पहले गणेश मनाया करो

बिगड़े काम बनाने वाले
सबकी लाज बचाने वाले
जय जयकार लगाया करो
पहले गणेश मनाया करो

शुभ फलदायक गणपति देवा
कर लो मिलके इनकी सेवा
भजन कीर्तन गाया करो
पहले गणेश मनाया करो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-sunil-sarvottam/